प्रकाशनार्थः-

ओ३म्

गुरुकुल प्रभात आश्रम का वार्षिकोत्सव

गतवर्षों की भाँति इस वर्ष भी गुरुकुल प्रभात आश्रम भोला झाल, टीकरी, जानी, मेरठ में मकर सौर संक्रान्ति के पावन अवसर पर **१३ व १४ जनवरी २०१६, तदनुसार पौष शुक्ल चतुर्थी एवं पञ्चमी वि.सं. २०७२, बुधवार व गुरुवार** को वार्षिकोत्सव हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जा रहा है।

जहाँ **१३ जनवरी २०१६** को वेदों के मूर्धन्य विद्वान् **स्वामी समर्पणानन्द सरस्वती जी (पं. बुद्धदेव विद्यालंकार)** की पुण्यतिथि के अवसर पर **अखिल भारतीया वैदिक शोध संगोष्ठी** का आयोजन किया जा रहा है। जिसका विषय है- ''**वेदानुशीलन का अतीत और अनागत।**'' इसमें देश के विभिन्न स्थानों से आये हुए विद्वज्जन वेदपाठियों की परंपरा, वैदिक व्याख्या में व्याकरण की उपयोगिता और वेदों के विविध वैज्ञानिक अर्थ जैसे उपशीर्षकों पर अपना शोध लेख प्रस्तुत करेंगे, जो अन्तर्राष्ट्रीय मानक त्रैमासिकी शोध पत्रिका **'पावमानी'** (**ISSN-2223-6329**) में प्रकाशित किये जाएँगे।

१० जनवरी २०१६ को प्रारम्भ किये गये **यजुर्वेद पारायण महायज्ञ** की पूर्णाहुति, नवप्रविष्ट ब्रह्मचारियों का उपनयन संस्कार तथा वेदारम्भ संस्कार **१४ जनवरी** को होगा। जिसमें समागत विद्वानों के प्रवचन एवं सुप्रसिद्ध भजनोपदेशकों के भजन, ब्रह्मचारियों के आकर्षक एवं रोचक बौद्धिक एवं शारीरिक बल प्रदर्शन जैसे कार्यक्रम होंगे।

अतः आप सभी वेदानुरागी सज्जन इष्टमित्रों सहित सपरिवार गुरुकुल प्रभात आश्रम में सादर आमन्त्रित हैं। अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्मलाभ उठायें एवं पुण्य के भागी बनें।